मेरे बाबा लखदातार | By Arjun Kheriyal

मेरा बाबा लखदातार, ये कलयुग के अवतार.....2

मेरा बाबा लखदातार
ये कलयुग के अवतार
खाटू में बैठा भक्तों की
सुनता करुण पुकार
मेरा बाबा लखदातार
ये कलयुग के अवतार

मेरा बाबा लखदातार, ये कलयुग के अवतार.....२

श्याम अपने भक्तों की हर पीड़ा हरते हैं
बिन मांगे खुशियों से झोलियाँ भरते हैं
झोलियाँ भरते हैं .....
सेठों का ये सेठ सांवरा सच्चा साहूकार
बाबा लखदातार, ये कलयुग के अवतार
मेरा बाबा लखदातार
ये कलयुग के अवतार

सांवरे सा दुनिया में नहीं देव दूजा
कलयुग में घर घर होती है पूजा
होती है पूजा.....
अपने भगत की कभी सांवरा होने ना दे हार
बाबा लखदातार, ये कलयुग के अवतार
मेरा बाबा लखदातार
ये कलयुग के अवतार

भीमसेन जब भी चाहे इन्हे आज़मा ले
खाटू में आके सोया नसीबा जगा ले
नसीबा जगा ले .....
हर पल तेरा साथ निभाए छोड़े ना मझधार
बाबा लखदातार, ये कलयुग के अवतार
मेरा बाबा लखदातार
ये कलयुग के अवतार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%96%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-arjun-kheriyal/